# 50 हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोपी सहायक गैरीसन इंजीनियर को जेल भेजा

## तीन साल की नौकरी में 1.5 करोड़ का बंगला व 30 लाख की कार खरीदी

**जोधपुर** (कासं)। रिश्वत लिए जाने के आरोप में पकड़े गए एमईएस के सहायक गैरीसन इंजीनियर को दो दिन रिमांड पूरी होने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया है।

35 लाख रुपए के बिल का भुगतान करने के बदले 50 हजार रुपए रिश्वत लेने पर रंगे हाथों पकड़ा था। सीबीआइ की गिरफ्त में आने वाले जयपुर की एमईएस के सहायक गैरीसन इंजीनियर से पूछताछ में कई खुलासे हुए हैं। आरोपी सहायक गैरीसन इंजीनियर ने सिर्फ तीन साल की नौकरी में ही 1.50 करोड़ रुपए का बंगला और तीस लाख रुपए की लग्जरी कार खरीद ली। जयपुर स्थित सरकारी क्वार्टर से सीबीआइ ने तीन लाख रुपए भी जब्त किए हैं। आरोपी को अदालत ने न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिए।

- **35 लाख रुपए के बिल का भुगतान करने के बदले 50 हजार रुपए रिश्वत लेने पर रंगे हाथों पकड़ा था**

सूत्रों के अनुसार जोधपुर की एक कम्पनी को एमईएस जयपुर में टेंडर मिला था। जिसका 35 लाख रुपए का बिल बकाया है। जिसका भुगतान करने के बदले एमईएस जयपुर के गैरीसन इंजीनियर सुधांशु सुमन ने 90 हजार रुपए रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने सीबीआइ की जोधपुर ब्रांच में लिखित शिकायत दी। गोपनीय सत्यापन में गैरीसन इंजीनियर सुधांशु सुमन के 50 हजार रुपए रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई थी। उसने रिश्वत के लिए परिवादी को जयपुर बुलाया।

सीबीआइ भी परिवादी के साथ जयपुर पहुंच गई, जहां गत दस अप्रेल को परिवादी ने सहायक गैरीसन इंजीनियर सुधांशु सुमन को 50 हजार रुपए रिश्वत दी। तभी सीबीआइ जोधपुर के प्रभारी राजवीर सिंह के निर्देशन में सीबीआइ अधिकारियों ने दबिश देकर सहायक गैरीसन इंजीनियर बिहार के भागलपुर निवासी सुधांशु सुमन को 50 हजार रूपए रिश्वत लेने पर रंगे हाथों गिरफ्तार किया। उसे जोधपुर लाकर गत शनिवार को सीबीआइ मामलात की विशेष अदालत के मजिस्ट्रेट के आवास पर पेश किया गया था, जहां से उसे दो दिन रिमांड पर भेज दिया गया था। रिमांड अवधि समाप्त होने पर आरोपी सुधांशु सुमन को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

अन्य अधिकारियों की भूमिका की जांच जारी सीबीआइ ने दो दिन रिमांड के दौरान आरोपी सुधांशु सुमन से पूछताछ की। रिश्वत लेने के मामले में विभाग के अन्य अधिकारियों की भूमिका की जांच की जा रही है। आरोपी सुधांशु सुमन ने वर्ष 2019 में रूडक़ी से आइआइटी की थी। वर्ष 2023 में उसे एमईएस में बतौर सहायक गैरीसन इंजीनियर नियुक्ति मिली थी। वह एमईएस जयपुर में पदस्थापित है। उसने एक साल बाद ही वर्ष 2024 में बिहार के भागलपुर में 1.50 करोड़ रुपए में बंगला खरीदा था। आश्चर्यजनक रूप से उसने मकान अपने खुद के नाम और 1.50 करोड़ रुपए में रजिस्ट्री कराई थी। इतना ही नहीं, गत वर्ष अगस्त में तीस लाख रुपए की लग्जरी कार भी खरीदी थी। आरोपी सुधांशु सुमन के जयपुर स्थित सरकारी क्वार्टर की तलाशी लेने पर सीबीआइ को तीन लाख रुपए मिले। जिनके संबंध में वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। रुपए जब्त किए गए हैं। उसकी चार महीने पहले ही शादी हुई थी। उसके पकड़े जाने पर नवविवाहित पत्नी व रिश्तेदार भी जोधपुर आए।

# भारतीय संस्कृति से जुड़कर सहकार के भाव को प्रबल करें : राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े

**जालोर,**(कासं)। राज्य के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने गुरुवार को राजेन्द्र नगर जालोर स्थित जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. के नवनिवर्मित प्रधान कार्यालय का लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. जालोर के नवनिर्मित प्रधान कार्यालय के लोकार्पण की शुभकामनाएँ देते हुए सहकारी बैंकिंग संस्थाओं के आम व्यक्ति के जीवन में वित्तीय महत्व के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक छोटे उद्यमियों, कुटीर उद्योगों, किसानों, मजदूरों, फल-सब्जी के विक्रेताओं को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवा उन्हें अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सहायता देते है। इससे गरीब एवं मध्यम वर्ग को स्वरोजगार का मौका मिलता है। यही सहकार है जो सबको साथ लेकर आगे बढ़ता हैं।

जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण समारोह राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने किया।

राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में सहकारिता क्षेत्र में अपने जीवन के अनुभव व संस्मरण साझा करते हुए डेयरी व कृषि के व्यवसाय में सहकारी संस्थाओं का महत्व बताया। उन्होने कहा कि राज्य में कृषि व डेयरी क्षेत्र में विकास व नवाचार के लिए सहकारिता से जुड़े संस्थानों को पारदर्शिता व कर्मठता से कार्य करने होंगे एवं इन वित्तीय संस्थानों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आधिकाधिक संख्या में वंचित वर्ग के लोगों को जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2014 में शुरू की गई जन-धन योजना के तहत कुल 56 करोड़ नवीन बैंक अकाउंट खोले गए। जिससे आमजन को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का डीबीटी के माध्यम से सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के पथ पर निरंतर अग्रसर है तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो रहा है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में डेयरी के क्षेत्र में सहकारिता द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है जिसके फलस्वरूप दुग्ध उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने भारतीय शिक्षा पद्धति व ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने तथा भारतीय संस्कृति से जुड़कर सहकार के भाव को प्रबल करने की बात कही। समारोह में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने सहकारिता के क्षेत्र में गुजरात व महाराष्ट्र मॉडल का अनुसरण करने व गुड प्रेक्टिसेस को बढ़ावा देने की बात कही। जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. जालोर के अध्यक्ष मोहन पाराशर ने स्वागत उद्बोधन देते हुए बैंक की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव फाइनेंस एण्ड डवलपमेंट कॉपोर्रेशन के अध्यक्ष ज्योतिन्द्र भाई मेहता व नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक एण्ड क्रेडिट सोसायटीज के अध्यक्ष लक्ष्मीदास ने भी कार्यक्रम को संबोधित कर सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन परमानन्द भट्ट, नूर मोहम्मद व एम.एल.गुर्जर ने किया। लोकार्पण समारोह में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह इंदोलिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर भीनमाल डॉ. पूजा सक्सेना, पूर्व मंत्री भूपेन्द्र देवासी, दानाराम चौधरी, दीपसिंह धनानी, गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, रवि सोलंकी, बैंक के उपाध्यक्ष ललित दवे, मंजू सोलंकी, सुरेश सोलंकी, दिनेश महावर, महेश भट्ट, रतन सुथार, अमन मेहता सहित बैंक के पदाधिकारी व सदस्य सहित आम नागरिक उपस्थित रहे।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने जालोर में किया पुलिस शहीद स्मारक का लोकार्पण – राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने गुरुवार को जालोर पहुँचे। जहाँ उन्होंने पुलिस लाईन जालोर स्थित पुलिस शहीद स्मारक का लोकार्पण किया।

# पुलिस से मुठभेड़, गैंगस्टर के पैर में लगी गोली

**श्रीगंगानगर,** यहा सुबह करीब 3 बजे सदर थाना पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली लगने से लॉरेंस गैंग का एक्टिव बदमाश संजय उर्फ चद्दर उर्फ संजू बुरी तरह घायल हो गया। घायल बदमाश को तुरंत जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

बदमाश पर कई थानों में फिरौती मांगने के मामले दर्ज है। दो साल पहले बिजनेसमैन के व्हाइट हाउस (कोठी) पर फायरिंग कर फिरौती मांगी थी।

जानकारी अनुसार पुलिस को बाईपास क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। उसी आधार पर थानाधिकारी सुभाष ढील ने सूरतगढ़ बाईपास पुल पर नाकाबंदी की। सुबह करीब 3 बजे बदमाश संजय उर्फ चद्दर उर्फ संजू बाइक से शहर की तरफ आ रहा था। पुल पर पुलिस की नाकाबंदी देखकर वह भागने लगा।

पुलिस ने बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें बदमाश के दाएं पैर की जांघ में गोली लग गई और वह गिर पड़ा। पुलिस ने तुरंत उसे काबू में लिया और हॉस्पिटल पहुंचाया। घायल बदमाश की पहचान संजीव उर्फ चद्दर उर्फ संजू बिश्नोई (27) पुत्र अश्वनी बिश्नोई निवासी रोहिड़ावाली, श्रीगंगानगर के रूप में हुई है। वह लॉरेंस गैंग के लिए काम करता है और उसके खिलाफ़ अलग-अलग थानों में करीब 10 मुकदमे दर्ज हैं। घटना की सूचना मिलते ही जिला हॉस्पिटल में अफरा-तफरी मच गई। पीएमओ डॉ. सुखपाल सिंह बराड़ समेत आधा दर्जन डॉक्टर इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे और घायल का इलाज शुरू कर दिया। सुरक्षा के लिहाज से हॉस्पिटल के चारों तरफ भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मुठभेड़ की खबर मिलते ही पुलिस एसपी हरी शंकर, एएसपी रघुवीर शर्मा और डीएसपी विष्णु खत्री सहित कई वरिष्ठ अधिकारी हॉस्पिटल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि घायल बदमाश लॉरेंस गैंग का कुख्यात सहयोगी है। इससे पहले भी इस पर गोली चलाई जा चुकी है। पुलिस अब उसके पूरे नेटवर्क और अन्य साथियों की तलाश में जुट गई है। 20 जनवरी 2022 को श्रीगंगानगर में सुखाडिया सर्किल स्थित टांटिया हॉस्पिटल के बाहर फायरिंग हुई थी। यह फायरिंग लॉरेंस बिश्नोई के चचेरे भाई सचिन थापन ने करवाई थी, जिसमें पकड़ा गया आरोपी भी शामिल था। फायरिंग फिरौती लेने के लिए की गई थी। दो साल पहले श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ स्टेट हाईवे पर स्थित नाथावाली में नहर किनारे बिजनेसमैन के व्हाइट हाउस (कोठी) पर भी फायरिंग की गई थी।

- **लॉरेंस गैंग के लिए करता था काम; व्हाइट हाउस पर फायरिंग कर मांगी थी फिरौती**

# अनूपगढ़ में 10 ग्राम अफीम, 850 ग्राम डोडा पोस्त जब्त

**अनूपगढ़,** पुलिस ने नशे के खिलाफ़ अभियान चलाते हुए दो अलग-अलग कार्रवाइयों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन कार्रवाइयों में 10 ग्राम अवैध अफीम और 850 ग्राम डोडा पोस्त जब्त किया गया।

पहली कार्रवाई एसआई गोविंद सिंह के नेतृत्व में प्रेम नगर में रैन बसेरे के पीछे वाली गली में की गई। गश्त के दौरान पुलिस ने एक कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर कार को रोका और चालक से पूछताछ की। उसने अपना नाम विशाल पुत्र सुमेश कुमार निवासी चक 22 पी, नई मंडी घड़साना बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 10 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। पुलिस ने विशाल को गिरफ्तार कर परिवहन में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया। इसी तरह, दूसरी कार्रवाई एसआई पृथ्वीराज द्वारा नेशनल हाईवे भारतमाला सड़क पर गांव पांच के मोड़ के पास की गई। यहां पुलिस ने एक व्यक्ति को 850 ग्राम डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया।

- **नशे के खिलाफ दो अलग-अलग कार्रवाई में दो आरोपी गिरफ्तार**

आरोपी की पहचान लखवीर सिंह पुत्र गुरदेव सिंह निवासी चक 11 पी, अनूपगढ़ के रूप में हुई। पूछताछ में उसने बताया कि वह बीकानेर के एक व्यक्ति से 1 किलो डोडा पोस्त खरीद कर लाया था, जिसमें से कुछ का सेवन उसने कर लिया था और बाकी अपने गाँव ले जा रहा था।

# एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी को 10 लाख देने के आदेश

**जोधपुर,** (कासं)। जिला उपभोक्ता आयोग जोधपुर द्वितीय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में बीमा कंपनी द्वारा दुर्घटना में हुई मृत्यु को हृदयाघात बताकर दावा खारिज करने को विधि विरुद्ध और सेवा में कमी करार दिया है। आयोग ने संबंधित बीमा कंपनी को परिवादी को मुआवजा देने के निर्देश जारी किए हैं।

- **बीमा दावा खारिज करना पड़ा महंगा, - उपभोक्ता आयोग ने दिलाई राहत**

आयोग अध्यक्ष यतीश कुमार शर्मा और सदस्य अनुराधा व्यास ने अपने निर्णय में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी को आदेश दिया कि वह परिवादी को 45 दिनों के भीतर 10 लाख रुपए की बीमा राशि के साथ 5-5 हजार रुपए हर्जाना और परिवाद व्यय के रूप में अदा करे। निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं करने पर कंपनी को 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा।

परिवादी सुनीता वैष्णव ने अधिवक्ता अनिल भंडारी के माध्यम से आयोग में परिवाद प्रस्तुत किया। परिवाद में बताया गया कि उनके पति की 10 दिसंबर 2023 को घर में फिसलने से कनपटी और सिर में गंभीर चोट लगने के कारण मृत्यु हो गई थी। उन्हें महात्मा गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।बीमा कंपनी ने दावा यह कहते हुए खारिज कर दिया कि पुलिस जांच में मृत्यु का कारण दिल का दौरा बताया गया है। हालांकि परिवादी पक्ष के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि दावा प्रपत्र में सरकारी चिकित्सक ने मृत्यु का कारण सिर में लगी चोट बताया है

# हादसे में युवक की मौत, दो घायल

**भरतपुर** (निस)। कोतवाली थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में बाइक सवार तीन युवकों को अनियंत्रित ट्रक द्वारा रौंद दिए जाने की घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो जनों को उपचार के लिए आरबीएम अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक को लेकर मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक सड़क पर गिर गए और बाइक करीब 50 मीटर तक ट्रक के साथ घसीटते हुए चली गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पैंगोर निवासी भोला अपने दोस्त रविंद्र और रोहित के साथ गांव से कुम्हेर गेट बाजार में नए कपड़े खरीदने जा रहा था, तभी रास्ते में वे इस हादसे का शिकार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया।

# दो सगे भाईयों की मौत

**बीकानेर।** जिले के श्रीडूंगरगढ़ में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गई। हादसा बीदासर रोड स्थित सालासर फांटे पर बुधवार रात करीब 11 बजे हुआ।

जस्सूराम मेघवाल (17) पुत्र रामप्रताप और अशोक (22) श्रीडूंगरगढ़ से अपने गांव गांव कल्याणसर लौट रहे थे। इसी दौरान सालासर फांटे के पास उनकी बाइक की सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने रात में ही परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिवार के लोग हॉस्पिटल पहुंचे।

# खेतड़ी पुलिस ने हत्या के प्रयास के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया

**खेतड़ी** (निसं)। खेतड़ी पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों व एक नाबालिग को पहले निरूद्ध किया गया था।

थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि 10 अप्रैल 25 को रंवा निवासी विजेन्द्र कुमार ने रिपोर्ट पेश कि कि दिनाक 9 अप्रैल को समय करीब 6.30 बजे शाम उसका बड़ा भाई राजेश कुमार खेत में ट्रेक्टर से खेत की जुताई कर रहा था। उस समय उनके ही गाँव का रतन सिंह पुत्र रुपचन्द, जाति गुर्जर खेत पर अपने तीन अन्य साथियों के साथ मोटर साईकिल पर सवार होकर हाथो में लाठी व लोहे का सरिया लेकर आये और आते ही खेत में घुसकर उसके भाई राजेश कुमार पर लाठियों व सरियों से ताबड तोड कातिलाना हमला कर दिया। जिससे उसके सिर, बायें हाथ, दोनो पैरों तथा बायें आँख के उपर गंभीर चोटे कारित कर घायल कर दिया।

राजेश कुमार ने बताया कि उसके सिर व आँख पर रतन सिंह ने लोहे के सरिये की तथा हाथ व पैरों पर उसके तीनों साथियों ने लाठियों से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर मारपीट की है। तथा उक्त लोग जाते वक्त कह रहे थे कि तुमने हमारा स्कूल के मामले में विरोध किया था उसका बदला लिया है।

गंभीर घायल होने पर हमने तुरन्त प्रभाव से राज अस्पताल सिंघाना में ईलाज हेतु भर्ती करवाया। मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा पिडीत राजेश कुमार के साथ गंम्भीर मारपीट करने वाले एक बाल अपचारी को निरूद्ध किया गया व 02 मुलजिमों को पुर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। तथा आरोपी प्रदीप गुर्जर वक्त घटना से फरार चल रहा था जिस पर पुलिस ने मामले में फरार चल रहे रंवा निवासी प्रदीप गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी मोहनलाल, एएसआई विनोद कुमार, कांस्टेबल अनिल, मंजीत आदि शामिल थे।

# मकान गिरा, बड़ा हादसा टला

**बयाना भरतपुर** (निस)। बयाना उपखंड के गांव सिंघाड़ा में बंदरों के बढते आतंक के बीच एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गांव में स्थित एक मकान अचानक भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि हादसे के समय मकान के अंदर कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि नहीं हुई। यह मकान शिवली राम जी शर्मा, टीकम राम जी शर्मा और हुकुमचंद जी शर्मा का है। वर्तमान में इस मकान में केवल हुकुमचंद शर्मा ही रहते हैं, जबकि अन्य सदस्यों का अनाज और घरेलू सामान भी इसी मकान में रखा हुआ था। मकान गिरने से उसमें रखा अनाज व अन्य सामान मलबे में दब गया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लंबे समय से बंदरों का आतंक बना हुआ है। बंदर अक्सर मकानों की छतों पर कूदते-फांदते रहते हैं, जिससे कई मकानों को नुकसान पहुंच चुका है। आशंका जताई जा रही है कि बंदरों की उछल-कूद के कारण ही मकान की हालत कमजोर हो गई और यह हादसा हुआ।

- **यह मकान शिवली राम जी शर्मा, टीकम राम जी शर्मा और हुकुमचंद जी शर्मा का है**

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और स्थिति का जायजा लिया। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। इस संबंध में विनोद उपाध्याय (कंप्यूटर ऑपरेटर, मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना, सीएससी बयाना) ने जानकारी देते हुए बताया कि हादसा अचानक हुआ और उस समय मकान खाली होने के कारण बड़ा नुकसान टल गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने और बंदरों के आतंक पर रोक लगाने की मांग की है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू की कार का एक्सीडेंट

**हनुमानगढ़,** नगराना गांव के पास हुए सड़क हादसे में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू को हल्की चोटें आई हैं। यह घटना दोपहर बाद हुई जब डेलू संगरिया से हनुमानगढ़ आ रहे थे। उन्हें तुरंत संगरिया अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद हनुमानगढ़ में सिटी स्कैन करवाया गया।

जानकारी के अनुसार, प्रमोद डेलू अपनी गाड़ी में अकेले थे। सामने से आ रही एक अन्य गाड़ी उनकी कार से टकरा गई। इस टक्कर में डेलू की कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में डेलू के सिर और नाक पर हल्की चोटें आईं और नाक से खून बहने लगा। उन्हें तत्काल एंबुलेंस से संगरिया अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। अभी तक दुर्घटनाग्रस्त हुई दूसरी गाड़ी के मालिक के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। भाजपा प्रवक्ता आशीष पारीक ने बताया कि अध्यक्ष प्रमोद डेलू को हल्की चोटें आई हैं और कोई गंभीर बात नहीं है।

पारीक ने यह भी बताया कि संगरिया अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद हनुमानगढ़ में सिटी स्कैन करवाया गया है और उन्हें ईएनटी विशेषज्ञ को दिखाया जा रहा है।

# प्राणघातक हमला करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। गोगुन्दा थाना पुलिस ने वृद्ध पर प्राणघातक हमला करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 3 अप्रेल को हरिश पुत्र सोहनलाल पालीवाल निवासी सेमटाल गोगुन्दा ने रिपोर्ट दी कि 2 अप्रेल सांय मेरे बडे पापा शंकरलाल पालीवाल बाइक पर दुध लेने वणी गांव गये। वहां से लौटते समय आशापुरा होटल से पहले बाइक पर आए तीन बदमाशों ने शंकरलाल की बाइक को रोक हमला कर जेब से नकदी निकाल ली। इसका विरोधक करने पर चाकू से हमला कर फरार हो गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गोपाल चंदेल के सुपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी श्यामसिंह मय टीम ने कार्यवाही करते हुए।

# भिवाड़ी की फैक्ट्रियों में श्रमिकों का धरना जारी

**अलवर।** भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में वेतन वृद्धि और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों की मांग को लेकर श्रमिकों का आंदोलन पिछले 20 दिनों से जारी है। गुरुवार को भिवाड़ी के कहरानी औद्योगिक क्षेत्र स्थित नैपिनो कंपनी, खुशखेड़ा की कूमी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड और भिवाड़ी की फुटवियर बनाने वाली रिलैक्सो कंपनी में भी श्रमिक धरने पर बैठ गए। श्रमिक कंपनी प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए वेतन वृद्धि सहित अपनी अन्य मांगों पर अड़े हुए हैं।

भिवाड़ी में मांगों को लेकर श्रमिकों का आंदोलन जारी रहा।

श्रमिकों की मुख्य मांगों में 8 घंटे की ड्यूटी के लिए 20 हजार मासिक वेतन और ओवरटाइम में बढ़ोतरी शामिल है। प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर भिवाड़ी से बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। श्रमिक कंपनी गेट के सामने बैठकर धरना दे रहे हैं और नारेबाजी कर रहे हैं।

नैपिनो कंपनी में धरने पर बैठी महिला श्रमिक संध्या ने अपनी मांगें बताते हुए कहा – हम 8 घंटे की ड्यूटी के लिए 16 हजार और 12 घंटे की ड्यूटी के लिए 20 हजार की मांग कर रहे हैं। जरूरत पडऩे पर हमें छुट्टी नहीं मिलती और न ही कोई बोनस दिया जाता है। इसी तरह खुशखेड़ा की कूमी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड और भिवाड़ी की फुटवियर बनाने वाली रिलैक्सो कंपनी में भी श्रमिक समान मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। रिलैक्सो फुटवियर कंपनी में प्रदर्शन कर रहे श्रमिक विशाल कुमार ने बताया – केंद्र सरकार से जो नियम लागू हुए हैं, उसके हिसाब से सैलरी मिलनी चाहिए। जो श्रमिक 3 से 4 साल पुराने हैं, उनका भी पैसा नहीं बढ़ा है। श्रमिकों को काम के लिए गेट पास नहीं दिया जाता। कंपनी में जीएम सहित कई अधिकारियों से बात की है, लेकिन कोई सॉल्यूशन नहीं निकल रहा है। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होंगी, तब तक कंपनी में काम बंद रहेगा और धरना-प्रदर्शन चालू रहेगा।

- **3 और कंपनियों में शुरू हुआ प्रदर्शन, सैलरी बढ़ाने, बेहतर ओवरटाइम और बोनस की मांग पर अड़े श्रमिक**

श्रमिकों का कहना है कि लंबे काम के घंटे, कम वेतन, बोनस की कमी और छुट्टियों पर कटौती उनके अधिकारों का हनन है। प्रबंधन की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। प्रशासन मामले की निगरानी कर रहा है, ताकि औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादन प्रभावित न हो और कानून-व्यवस्था बनी रहे।

# एसटी सर्टिफिकेट जारी करने की मांग

**अनूपगढ़,** यहा धानका समाज के लोगों को एसटी जाति सर्टिफिकेट नहीं मिल रहे हैं। लोगों का कहना है कि स्कूल में बच्चों को एडमिशन तक में दिक्कत आ रही है। लोग सर्टिफिकेट पर जारी रोक हटाने की मांग करते हुए धान मंडी में बुधवार से प्रदर्शन कर रहे हैं। धरना प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा।

इसी क्रम में गुरुवार को प्रदर्शनकारी महिलाओं ने बीजेपी नेता मोहित छाबड़ा को चूड़ियाँ दी। महिलाओं ने कहा- राजस्थान सरकार हमारी महत्वपूर्ण माँग पर ध्यान नहीं दे रही। सरकार समाज के हित में कोई काम नहीं कर रही है। इसके विरोध में यह प्रतीकात्मक कदम उठाया है। समाज के जिलाध्यक्ष किशन धानका ने बताया- धाणका समाज के पूर्व जाति प्रमाण पत्र बनते आए हैं। धानका और धाणका बोलने में एक ही शब्द है। मगर पिछली सरकार में मौखिक रूप में बंद पड़े जाति प्रमाण पत्र के कारण बच्चों का भविष्य अंधकार में हैं। लगातार धरना प्रदर्शन करने के बावजूद भी सरकार के द्वारा जनजाति प्रमाण पत्र नहीं बनाए जा रहे हैं। धान मंडी धरना स्थल पर मौजूद सुनीता ने बताया- हम सुबह 11 बजे ही धरना स्थल पर पहुंच गईं थीं।

# सुराणा गांव में भीषण आग: टीन शेड और कच्ची झोपड़ी जलकर खाक

बावरियों की ढाणी में अचानक लगी आग से घरेलू सामान जल कर स्वाहा हो गया।

**शाहपुरा/मनोहरपुर।** क्षेत्र के सुराणा गांव स्थित बावरियों की ढाणी में अचानक लगी आग ने एक गरीब परिवार को गहरे संकट में डाल दिया। आग की इस घटना में टीन शेड और कच्ची झोपड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गई।

हादसे में पीड़ित कानाराम पुत्र मख्खन लाल को भारी नुकसान झेलना पड़ा। आग की चपेट में आने से पांच बकरियां और तीन बकरी के बच्चे जिंदा जल गए। वहीं घर में रखा घरेलू सामान और जरूरी कागजात भी पूरी तरह नष्ट हो गए। घटना के बाद पीड़ित का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं लालू राम सहित पुलिस जाप्ता भी मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरान घटना की जानकारी मिलते ही दिगराज सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से चर्चा कर से संपर्क कर पीड़ित परिवार को शीघ्र मुआवजा दिलाने बात कही।

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, पुलिस और प्रशासन मामले की जांच में जुटे हुए हैं। इस दौरान अजीत मीणा,कपिल वर्मा,इमरान आजाद, तोसिफ अहमद, रिजवान खान सहित अन्य मौजूद थे।

# विवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान

**डूंगरपुर,** (निसं)। आसपुर थाना क्षेत्र के टोपिया गांव में एक विवाहिता ने अपने पीहर में ही घर में फांसी का फंदा लगा अपनी इहलीला समाप्त कर ली। वह डेढ महीने से अपने दोनों बच्चों के साथ पीहर में थी। वहीं, मौत के बाद सनसनी फैल गई और लोग इकट्ठे हो गए। शव को डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया है।

आसपुर पुलिस सूत्रो के अनुसार टोपिया गांव के जगजी डामोर की बेटी पायल की शादी दोवडा थाना क्षेत्र के तलैया पाडलाथूर गांव में हुरमा ननोमा के साथ करवाई थी। दोनों के एक 6 साल की बेटी और 4 साल का बेटा है। हुरमा गुजरात में आरसीसी सेंटिंग का काम काम करता है। इस वजह से पायल पिछले डेढ महीने से अपने पिता के घर पीहर टोपियों गांव में बच्चों के साथ रहती थी। रात को बच्चों के साथ खाना खाकर वे सोए थे। लेकिन सुबह पायल घर में ही पाट लकडी की बल्ली, से रस्सी का फंदा लगाकर लटकी हुई मिली। घटना के बाद सनसनी फैल गई और लोग इकट्ठे हो गए। सूचना पर गुजरात में रोजगार कर रहा पति भी लौट आया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया है। जहां परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस द्वारा अग्रिम कार्यवाही जारी है।